संख्या-24/2023/पी-244/001-38 9002 099 5 2023

प्रेषक,

राजीव कुमार वत्स,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण
लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-9 **लखनऊ : दिनांक 24 जुलाई, 2023**

विषय:-पीएमजीएसवाई-।।। के अंतर्गत जनपद प्रयागराज(आर0ई0डी0), अम्बेडकरनगर, बलरामपुर, बुलन्दशहर, देवरिया, एटा, फिरोजाबाद, हापुड़, हाथरस (लो0नि0वि0), झाँसी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशाम्बी, ललितपुर, महोबा, प्रतापगढ़ एवं संतकबीर नगर के अन्तर्गत कतिपय पैकेजों/मार्गों पर आने वाले विद्युत पोलों/ट्रांसफार्मर को शिफ्ट किये जाने हेतु धनराशि अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-2491/टी-251(1)/यूपीआरआरडीए/2023-24, दिनांक-03.07.2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से पीएमजीएसवाई-।।। के अंतर्गत जनपद प्रयागराज(आर0ई0डी0), अम्बेडकरनगर, बलरामपुर, बुलन्दशहर, देवरिया, एटा, फिरोजाबाद, हापुड़, हाथरस (लो0नि0वि0), झाँसी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशाम्बी, ललितपुर, महोबा, प्रतापगढ़ एवं संतकबीर नगर के अन्तर्गत कतिपय पैकेजों/मार्गों पर आने वाले विद्युत पोलों/ट्रांसफार्मर को शिफ्ट किये जाने हेतु धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है:-

क्र0 सं0	जनपद	विषय	धनराशि
1	प्रयागराज	जनपद प्रयागराज के कतिपय पैकेजों पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	2,26,57,786.00
2	अम्बेडकरनगर	जनपद अम्बेडकरनगर के कतिपय पैकेजों पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	1,43,10,117.00
3	बलरामपुर	जनपद बलरामपुर के कतिपय पैकेजों पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	1,10,54,588.00
4	बुलन्दशहर	जनपद बुलन्दशहर के कतिपय पैकेजों पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	23,66,464.00

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

5	देवरिया	जनपद देवरिया के कतिपय पैकेजों पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	4,97,64,406.00
6	एटा	जनपद एटा के कतिपय पैकेजों पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	88,89,335.00
7	फिरोजाबाद	जनपद फिरोजाबाद के कतिपय पैकेजों पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	37,15,298.00
8	हापुड	जनपद हापुड के कतिपय पैकेजों पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	39,11,935.00
9	हाथरस (लो0नि0वि0)	जनपद हाथरस (लो0नि0वि0) के कतिपय पैकेजों पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	38,72,302.00
10	झाँसी	जनपद झाँसी के कतिपय पैकेजों पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	14,60,963.00
11	कानपुर देहात	जनपद कानपुर देहात के कतिपय पैकेजों पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	34,97,596.00
12	कानपुर नगर	जनपद कानपुर नगर के कतिपय पैकेजों पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	61,79,357.00
13	कौशाम्बी	जनपद कौशाम्बी के कतिपय पैकेजों पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	1,63,31,022.00
14	ललितपुर	जनपद ललितपुर के कतिपय पैकेजों पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	18,91,991.00
15	महोबा	जनपद महोबा के कतिपय पैकेजों पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	1,29,73,028.00
16	प्रतापगढ़	जनपद प्रतापगढ़ के कतिपय पैकेजों पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	26,78,964.00
17	संतकबीर नगर	जनपद संतकबीर नगर के कतिपय पैकेजों पर आने वाले विद्युत पोलों को शिफ्ट किये जाने के सम्बन्ध में।	1,91,57,360.00
		योग-	**18,47,12,512.00**

2- उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-।।। के अंतर्गत जनपद प्रयागराज(आर0ई0डी0), अम्बेडकरनगर, बलरामपुर, बुलन्दशहर, देवरिया, एटा, फिरोजाबाद, हापुड़, हाथरस (लो0नि0वि0), झाँसी,

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशाम्बी, ललितपुर, महोबा, प्रतापगढ़ एवं संतकबीर नगर के अन्तर्गत कतिपय पैकेजों/मार्गों पर आने वाले विद्युत पोलों/ट्रांसफार्मर को शिफ्ट किये जाने हेतु कुल रू0 **18,47,12,512.00** (रूपये अट्ठारह करोड़ सैंतालीस लाख बारह हजार पॉच सौ बारह मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की सहर्ष स्वीकृति राज्यपाल महोदया द्वारा निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की जाती हैः-

(1) आकड़ों की शुद्धता एवं धनराशि की अनुमन्यता की पुष्टि का दायित्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, लखनऊ का होगा।

(2) प्रश्नगत प्रस्ताव का परीक्षण बजट की उपलब्धता के आधार पर किया गया है। प्रश्नगत धनराशि की स्वीकृति किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है। जिन मामलों में उ0प्र0 बजट मैनुअल और फाइनेंशियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अंतर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने से पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

(3) स्वीकृत की जा रही धनराशि के संबंध में मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, लखनऊ इस बात का ध्यान रखेंगे कि धनराशि स्वीकृत कर सीधे संबधित विभाग/संस्था के बैंक खाते में अंतरित की जायेगी।

(4) मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, लखनऊ यह सुनिश्चित करेंगें कि प्रश्नगत कार्य प्रारंभ करने से पूर्व प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली गयी है तथा निर्धारित मानकानुसार उपयुक्त भूमि निर्विवाद रुप से उपलब्ध है। तदोपरांत ही अनुमोदित लागत के सापेक्ष ही निर्धारित प्रक्रियानुसार धनराशि का आहरण किया जायेगा।

(5) स्वीकृत की जा रही धनराशि के नियमसंगत आहरण/व्यय, स्वीकृत की गयी धनराशि के विरुद्ध निर्धारित लक्ष्यों के प्राप्त होने तथा निर्धारित प्रारुप पर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने का दायित्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, लखनऊ का होगा।

(6) योजनांतर्गत किसी कार्य को प्रारम्भ किये जाने से पूर्व वैधानिक अनापत्तियों एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स अपेक्षित होने पर सक्षम स्तर से अनापत्ति प्राप्त कर ली जायेगी।

(7) मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, लखनऊ द्वारा यह भी सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि स्वीकृत किये जा रहे कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा अन्य किसी स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है और न ही यह कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित है, अर्थात किसी प्रकार की द्विरावृत्ति न हो।

(8) स्वीकृत की जा रही धनराशि के नियमसंगत व्यय व पूर्व में स्वीकृत धनराशियों के निर्धारित प्रारुप पर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने का दायित्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, लखनऊ का होगा।

(9) स्वीकृत की जा रही धनराशि वस्तुतः जिन मदों हेतु अवमुक्त की जा रही है, उन्ही मदों में इसका व्यय अनुमन्य होगा। अन्य किसी मद में किया जाना वाला व्यय अनुमन्य न होगा।

(10) स्वीकृत की जा रही धनराशि को आहरित कर यदि किसी ऐसे खाते में रखा जाता है जिसमें ब्याज अर्जित होता है, तो अर्जित ब्याज को निर्धारित लेखाशीर्ष में जमा कराने/गाइडलाइन्स में

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

निहित व्यवस्थानुसार समायोजन/व्यय करने का दायित्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, लखनऊ का होगा।

(11) स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय योजनान्तर्गत निर्धारित गाइडलाइन्स/दिशा-निर्देशों में उल्लिखित व्यवस्था एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त व्यवस्था के अन्तर्गत किया जायेगा।

(12) धनराशि के आहरण के संबंध में मितव्ययिता संबंधी समय-समय पर निर्गत शासनादेशों एवं वित्तीय नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(13) स्वीकृत की जा रही धनराशि के संबंध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक-17 मार्च, 2023 व अन्य संगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 18,47,12,512 (रुपये अठारह करोड़ सैंतालीस लाख बारह हजार पांच सौ बारह मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 013 **लेखा शीर्षक** 5054043378901 प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत सड़कों का निर्माण **मानक मद** 42 अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या **यू0ओ0-ई0-2-76/दस-2023-24 दिनांक-18.07.2023** में प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

राजीव कुमार वत्स
उप सचिव।

संख्या-24/2023/ पी-244(1) /001-38 9002 099 5 2023, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0, लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, लखनऊ।
5- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-2/वित्त (आय-व्ययक)अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
7- श्री राजेन्द्र राम (नोडल अधिकारी), उप सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन को वित्तीय स्वीकृतियों को उ0प्र0 बजट एलाटमेंट सिस्टम के माध्यम से आनलाइन निर्गत किये जाने तथा आनलाइन बजट एलाटमेंट सिस्टम में प्रविष्टि करने हेतु।
8- ग्राम्य विकास अनुभाग-03, उ0प्र0 शासन।
9- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

राजीव कुमार वत्स
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।